(7)

प्रशिक्षण

कार्यालय महा निदेशक एवं महा निरीक्षक पुलिस, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक:-प11(2)प्रशि/विविध/86/ 222-300 दिनांक 8-1-86

स्थाई आदेश संख्या- 4 / 86

समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को सफलतापूर्वक एवं कुशलता से निभाने हेतु प्रत्येक पुलिस कर्मचारी के लिये यह आवश्यक है कि वह शारीरिक दृष्टि से स्वस्थ एवं चुस्त रहे। अक्सर देखने में आया है कि प्रारम्भिक प्रशिक्षण के बाद पुलिस कर्मी नियमित व्यायाम एवं परेड की ओर कतई ध्यान नही देते जिसके कारण कई अधिकारियों एवं कर्मचारियों का वजन बढ जाता है और उनकी शारीरिक योग्यता एवं स्फूर्ति में गिरावट आ जाती है।

हाल ही में विधान सभा की प्राक्कलन समिति के सदस्यों ने इस ओर हमारा ध्यान आकर्षित किया है कि पुलिस कर्मियों द्वारा नियमित व्यायाम एवं परेड के अभाव में उनके वजन में वृद्धि हो जाने के फलस्वरूप उनकी शारीरिक क्षमता एवं कार्यक्षमता में कमी आ रही है।

पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य को तन्दरूस्त एवं चुस्त बनाए रखने हेतु समय समय पर मुख्यालय से निर्देश प्रसारित किये जाते रहे हैं मगर उनकी अनुपालना नही की जा रही है। जिला मुख्यालय पर पुलिस लाइन में उपलब्ध पुलिस कर्मचारियों को प्रति दिन परेड व व्यायाम करना अनिवार्य है मगर देखने में आया है कि अधिकतर पुलिस लाइनों में रोजाना तो क्या, सोमवार एवं शुक्रवार को भी परेड व व्यायाम नियमित रूप से नही कराई जा रही है। पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारी भी इस ओर शिथिलता दर्शाते हैं जिसके कारण पुलिस कर्मियों में शिथिलता आ जाने के साथ साथ उनके स्वास्थ्य में गिरावट आई है और वजन बढ गया है।

अतः पुनः निर्देश दिये जाते हैं कि -

1) प्रत्येक जिला पुलिस लाइन में उपस्थित जवानों एवं अधिकारियों की परेड एवं पी०टी० नियमित प्रतिदिन आयोजित की जावे (बृहस्पतिवार को छोड़कर)

2) मुख्यालय पर स्थित पुलिस थानों एवं चौकियों में तैनात पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों में से आधा स्टाफ सप्ताह में प्रत्येक सोमवार व बाकी आधा स्टाफ प्रत्येक शुक्रवार को पुलिस लाइन में पी०टी० एवं परेड हेतु अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे।

---2

3) प्रत्येक थानाधिकारी अपने अधीन नियुक्त उपस्थित पुलिसकर्मियों को प्रतिदिन प्रात:काल व्यायाम व पी०टी० आदि करवायेंगे ताकि उनका स्वास्थ्य ठीक रहे । प्रत्येक सोमवार व शुक्रवार को व्यायाम के अतिरिक्त परेड भी आयोजित कराई जावेगी । इसका इन्द्राज थाने के रोजनामचे में प्रतिदिन किया जावेगा ।

4) प्रत्येक वृताधिकारी अपने मुख्यालय पर स्थित थाने, चौकियों व कार्यालयों में कार्यरत पुलिस अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों की प्रत्येक सोमवार व शुक्रवार को नियमित परेड व पी०टी० भी करवायेंगे । उक्त दिवसों पर अपने क्षेत्र के किसी अन्य थाने पर कार्यवश कैम्प करने पर वह संबंधित थाना स्टाफ द्वारा आयोजित परेड का निरीक्षण कर इस बारे में अपनी वर्किंग डायरी में उल्लेख करेंगे ।

5) मुख्यालय पर नियुक्त समस्त उप निरीक्षक एवं उनसे ऊपर के अधिकारी सप्ताह में दो रोज अनिवार्य रूप से पुलिस लाइन में परेड व पी०टी० में सम्मिलित होंगे ।

6) पुलिस अधीक्षक व अतिरिक्त अधीक्षक पुलिस प्रत्येक सोमवार व शुक्रवार को पुलिस लाइन में परेड में उपस्थित होंगे । जब कभी भी यह अधिकारी उक्त दिनों में पुलिस थाने पर कैम्प कर रहे हों तो वहां पर भी थाने के कर्मचारियों की परेड व पी०टी० का निरीक्षण करेंगे ।

जब कभी भी पुलिस अधीक्षक अथवा अन्य अधिकारी उनके अधीनस्थ नियुक्त अधिकारी अथवा कर्मचारी के स्वास्थ्य को शिथिल अथवा आलस्यपूर्ण अथवा आवश्यकता से अधिक वजन बढ़ा हुआ पावे तो वह उक्त अधिकारी अथवा कर्मचारी का ध्यान इस ओर दिलाते रहेंगे ।

इन निर्देशों के पूर्ण क्रियान्वन हेतु आप अपने अधीनस्थ अधिकारियों को उचित मार्ग दर्शन देंगे, ऐसी मुझे पूर्ण आशा है ।

(पी० सी० मिश्रा)
महानिदेशक एवं महा निरीक्षक पुलिस,
राजस्थान, जयपुर

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:-

1) निदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक विभाग, राजस्थान, जयपुर
2) समस्त विशिष्ठ महा निरीक्षक पुलिस, राजस्थान ।

---3

3) समस्त उप महा निरीक्षक पुलिस राजस्थान मय निदेशक, राजस्थान पुलिस अकादमी,जयपुर एवं राजस्थान पुलिस कम्प्यूटर सेन्टर, जयपुर । पुलिस टैली-कम्युनिकेशन राजस्थान, जयपुर ।

4) निदेशक, विधि विज्ञान प्रयोगशाला, राजस्थान, जयपुर ।

5) समस्त पुलिस अधीक्षक, राजस्थान मय जी०आर०पी०, अजमेर । सी०आई०डी०(सीबी)। सी०आई०डी० (एस०एस०बी०) । सी०आई०डी० जोन्स । ए०सी०डी० । सतर्कता एवं सहायक महा निरीक्षक पुलिस,प्रथम द्वितीय एवं यातायात,राजस्थान,जयपुर । प्रधानाचार्य,राजस्थान पुलिस पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र, जोधपुर ।

6) समस्त कमान्डेन्ट, आर०ए०सी० बटालियन मय आई० आर० बटालियन ।

7) कमान्डेन्ट, पुलिस ट्रेनिंग स्कूल, किशनगढ़, खेरवाडा, जोधपुर व मेवाड भील कोर, खेरवाडा ।

महा निदेशक एवं महानिरीक्षक पुलिस,
राजस्थान,जयपुर

सख्या 18186